सिद्ध-पूजा
Sid'dha-Pūjā

"कवि श्री जुगलकिशोर युगल"
Kavi śrī Jugalakiśōra "yugal"

(हरिगीतिका)

निज वज्र-पौरुष से प्रभो! अंतर-कलुष सब हर लिये |
प्रांजल प्रदेश-प्रदेश में, पीयूष-निर्झर झर गये ||
सर्वोच्च हो अतएव बसते, लोक के उस शिखर रे |
तुम को हृदय में स्थाप, मणि-मुक्ता चरण को चूमते ||

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपते सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र अवतर! अवतर! संवौषट्! (आह्वाननम्)
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपते सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र तिष्ठ! तिष्ठ! ठः! ठः! (स्थापनम्)
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपते सिद्धपरमेष्ठिन्! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्! (सन्निधिकरणम्)

(Harigītikā)

Nija vajra-pauruṣa sē prabhō! Antara-kaluṣa saba hara liyē |
Prāñjala pradēśa-pradēśa mēṁ, pīyūṣa-nirjhara jhara gayē ||
Sarvōcca hō ata'ēva basatē, lōka kē usa śikhara rē!
Tuma kō hṛdaya mēṁ sthāpa, maṇi-muktā caraṇa kō cūmatē ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatē sid'dhaparamēṣṭhin! Atra avatara! avatara! sanvauṣaṭ! (Āhvānanam)
Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatē sid'dhaparamēṣṭhin! Atra tiṣṭha! tiṣṭha! tha:! tha:! (Sthāpanam)
Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatē sid'dhaparamēṣṭhin! Atra mama sannihitō bhava bhava vaṣaṭ!
(Sannidhi)

(वीर छन्द)

शुद्धातम-सा परिशुद्ध प्रभो! यह निर्मल-नीर चरण लाया |
मैं पीड़ित निर्मम-ममता से, अब इसका अंतिम-दिन आया ||
तुम तो प्रभु अंतर्लीन हुए, तोड़े कृत्रिम सम्बन्ध सभी |
मेरे जीवन-धन तुमको पा, मेरी पहली अनुभूति जगी ||

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।१।

Śud'dhātama-sā pariśud'dha prabhō! Yaha nirmala-nīra caraṇa lāyā |
Maiṁ pīṛita nirmama-mamatā sē, aba isakā antima-dina āyā ||
Tuma tō prabhu antarlīna hu'ē, tōṛē kṛtrima sambandha sabhī |
Mērē jīvana-dhana tumakō pā, mērī pahalī anubhūti jagī ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē janma-jarā-mṛtyu-vināśanāya jalaṁ nirvapāmīti svāhā ||1||

All copyrights reserverd © 2Alotus

मेरे चैतन्य-सदन में प्रभु! धू-धू क्रोधानल जलता है |
अज्ञान-अमा के अंचल में, जो छिपकर पल-पल पलता है ||
प्रभु! जहाँ क्रोध का स्पर्श नहीं, तुम बसे मलय की महकों में |
मैं इसीलिए मलयज लाया, क्रोधासुर भागे पलकों में ||
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।२।

Mērē caitan'ya-sadana mēṁ prabhu! Dhū-dhū krōdhānala jalatā hai |
Ajñāna-amā kē añcala mēṁ, jō chipakara pala-pala palatā hai ||
Prabhu! Jahāṁ krōdha kā sparśa nahīṁ, tuma basē malaya kī mahakōṁ mēṁ |
Maiṁ isīli'ē malayaja lāyā, krōdhāsura bhāgē palakōṁ mēṁ ||
Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē sansāratāpa-vināśanāya candanaṁ nirvapāmīti svāhā ||2||

अधिपति प्रभु! धवल-भवन के हो, और धवल तुम्हारा अन्तस्तल |
अंतर के क्षत् सब नि:क्षत् कर, उभरा स्वर्णिम-सौंदर्य विमल ||
मैं महामान से क्षत-विक्षत, हूँ खंड-खंड लोकांत-विभो |
मेरे मिट्टी के जीवन में, प्रभु! अक्षत की गरिमा भर दो ||
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।३।

Adhipati prabhu! Dhavala-bhavana kē hō, aura dhavala tumhārā antastala |
Antara kē kṣat saba ni:Kṣat kara, ubharā svarṇima-saundarya vimala ||
Maiṁ mahāmāna sē kṣata-vikṣata, hūṁ khaṇḍa-khaṇḍa lōkānta-vibhō |
Mērē miṭṭī kē jīvana mēṁ, prabhu! Akṣata kī garimā bhara dō ||
Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē akṣayapada-prāptayē akṣatān nirvapāmīti svāhā ||3||

चैतन्य-सुरभि की पुष्प-वाटिका, में विहार नित करते हो |
माया की छाया रंच नहीं, हर बिन्दु-सुधा की पीते हो ||
निष्काम प्रवाहित हर हिलोर, क्या काम! काम की ज्वाला से |
प्रत्येक प्रदेश प्रमत्त हुआ, पाताल-मधु-मधुशाला से ||
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।४।

Caitan'ya-surabhi kī puṣpa-vāṭikā, mēṁ vihāra nita karatē hō |
Māyā kī chāyā rañca nahīṁ, hara bindu-sudhā kī pītē hō ||
Niṣkāma pravāhita hara hilōra, kyā kāma! Kāma kī jvālā sē |
Pratyēka pradēśa pramatta hu'ā, pātāla-madhu-madhuśālā sē ||
Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē kāmabāṇa-vidhvansanāya puṣpaṁ nirvapāmīti svāhā ||4||

यह क्षुधा देह का धर्म प्रभो! इसकी पहिचान कभी न हुई |
हर पल तन में ही तन्मयता, क्षुत्-तृष्णा अविरल पीन हुई ||
आक्रमण क्षुधा का सहय नहीं, अतएव लिये हैं व्यंजन ये |
सत्वर तृष्णा को तोड़ प्रभो! लो, हम आनंद-भवन पहुँचे ||
ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।५।

All copyrights reserverd © 2Alotus

Yaha kṣudhā dēha kā dharma prabhō! Isakī pahicāna kabhī na hu'i |
Hara pala tana mēṁ hī tanmayatā, kṣut-tṛṣṇā avirala pīna hu'i ||
Ākramaṇa kṣudhā kā sahya nahīṁ, ata'ēva liyē haiṁ vyañjana yē |
Satvara tṛṣṇā kō tōṛa prabhō! Lō, hama ānanda-bhavana pahuṁcē ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē kṣudhārōga-vināśanāya naivēdyaṁ nirvapāmīti svāhā ||5||

विज्ञान-नगर के वैज्ञानिक, तेरी प्रयोगशाला! विस्मय |
कैवल्य-कला में उमड़ पड़ा, सम्पूर्ण विश्व का ही वैभव ||
पर तुम तो उससे अतिविरक्त, नित निरखा करते निज-निधियाँ |
अतएव प्रतीक प्रदीप लिये, मैं मना रहा दीपावलियाँ ||

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने मोहांधकार-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।६।

Vijñāna-nagara kē vaijñānika, tērī prayōgaśālā! Vismaya!
Kaivalya-kalā mēṁ umaṛa paṛā, sampūrṇa viśva kā hī vaibhava ||
Para tuma tō usasē ativirakta, nita nirakhā karatē nija-nidhiyāṁ |
Ata'ēva pratīka pradīpa liyē, maiṁ manā rahā dīpāvaliyāṁ ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē mōhāndhakāra-vināśanāya dīpaṁ nirvapāmīti svāhā ||6||

तेरा प्रासाद महकता प्रभु! अति दिव्य-दशांगी धूपों से |
अतएव निकट नहिं आ पाते, कर्मों के कीट-पतंग अरे ||
इस धूप सुरभि-निर्झरणी से, मेरा पर्यावरण विशुद्ध हुआ |
छक गया योग-निद्रा में प्रभु! सर्वांग अमी है बरस रहा ||

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामिति स्वाहा।७।

Tērā prāsāda mahakatā prabhu! Ati divya-daśāṅgī dhūpōṁ sē |
Ata'ēva nikaṭa nahiṁ ā pātē, karmōṁ kē kīṭa-pataṅga arē!!
Isa dhūpa surabhi-nirjharaṇī sē, mērā paryāvaraṇa viśud'dha hu'ā |
Chaka gayā yōga-nidrā mēṁ prabhu! Sarvāṅga amī hai barasa rahā ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē aṣṭakarma-dahanāya dhūpaṁ nirvapāmiti svāhā ||7||

निज-लीन परम-स्वाधीन बसे, प्रभु! तुम सुरम्य शिव-नगरी में |
प्रतिपल बरसात गगन से हो, रसपान करो शिवगगरी से ||
ये सुरतरुॐ के फल साक्षी, यह भव-संतति का अंतिम-क्षण |
प्रभु! मेरे मंडप में आओ, है आज मुक्ति का उद्घाटन ||

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामिति स्वाहा।८।

Nija-līna parama-svādhīna basē, prabhu! Tuma suramya śiva-nagarī mēṁ |
Pratipala barasāta gagan se hō, rasapāna karō śivagagarī sē ||
Yē surataru'ōṁ kē phala sākṣī, yaha bhava-santati kā antima-kṣaṇa |
Prabhu! Mērē maṇḍapa mēṁ ā'ō, hai āja mukti kā udghāṭana ||

All copyrights reserverd © 2Alotus

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē mōkṣaphala-prāptayē phalaṁ nirvapāmiti svāhā ||8||

तेरे विकीर्ण गुण सारे प्रभु! मुक्ता-मोदक से सघन हुए ।
अतएव रसास्वादन करते, रे! घनीभूत अनुभूति लिये ॥
हे नाथ! मुझे भी अब प्रतिक्षण, निज अंतर-वैभव की मस्ती ।
है आज अर्घ्य की सार्थकता, तेरी अस्ति मेरी बस्ती ॥

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अनर्घ्यपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।९।

Tērē vikīrṇa guṇa sārē prabhu! Muktā-mōdaka sē saghana hu'ē |
Ata'ēva rasāsvādana karatē, rē! Ghanībhūta anubhūti liyē ||
Hē nātha! Mujhē bhī aba pratikṣaṇa, nija antara-vaibhava kī mastī |
Hai āja arghya kī sārthakatā, tērī asti mērī bastī ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē anarghyapada-prāptayē arghyaṁ nirvapāmīti svāhā ||9||

जयमाला
Jayamālā

(दोहा)

चिन्मय हो चिद्रूप प्रभु! ज्ञाता-मात्र चिदेश ।
शोध-प्रबन्ध चिदात्म के, सृष्टा तुम ही एक ॥

(रेखता)

जगाया तुमने कितनी बार! हुआ नहिं चिर-निद्रा का अंत ।
मदिर-सम्मोहन ममता का, अरे! बेचेत पड़ा मैं संत ॥
घोर-तम छाया चारों ओर, नहीं निज-सत्ता की पहिचान ।
निखिल जड़ता दिखती सप्राण, चेतना अपने से अनजान ॥

ज्ञान की प्रतिपल उठे तरंग, झाँकता उसमें आतमराम ।
अरे! आबाल सभी गोपाल, सुलभ सबको चिन्मय अभिराम ॥

किंतु पर-सत्ता में प्रतिबद्ध, कीर-मर्कट-सी गहल अनंत ।
अरे! पाकर खोया भगवान्, न देखा मैंने कभी बसंत ॥

नहीं देखा निज शाश्वत-देव, रही क्षणिका पर्यय की प्रीति ।
क्षम्य कैसे हों ये अपराध? प्रकृति की यही सनातन-रीति ॥

अत: जड़-कर्मों की जंजीर, पड़ी मेरे सर्वात्म-प्रदेश ।
और फिर नरक-निगोदों बीच, हुए सब निर्णय हे! सर्वेश ॥

All copyrights reserverd © 2Alotus

घटा घन-विपदा की बरसी, कि टूटी शंपा मेरे शीश ।
नरक में पारद-सा तन टूक, निगोदों मध्य अनंती मीच ॥

करें क्या स्वर्ग-सुखों की बात! वहाँ की कैसी अद्भुत-टेव ।
अंत में बिलखे छह-छह मास, कहें हम कैसे उनको देव ॥

दशा चारों गति की दयनीय, दया का किन्तु न यहाँ विधान ।
शरण जो अपराधी को दे, अरे! अपराधी वह भगवान् ॥

अरे! मिट्टी की काया बीच, महकता चिन्मय भिन्न अतीव ।
शुभाशुभ की जड़ता तो दूर, पराया-ज्ञान वहाँ परकीय ॥

अहो! चित् परम-अकर्ता नाथ! अरे! वह निष्क्रिय तत्त्व-विशेष ।
अपरिमित अक्षय वैभव-कोष, सभी ज्ञानी का यह परिवेश ॥

बताये मर्म अरे! यह कौन, तुम्हारे बिन वैदेही नाथ ।
विधाता शिव-पथ के तुम एक, पड़ा मैं तस्कर-दल के हाथ ॥

किया तुमने जीवन का शिल्प, खिरे सब मोह-कर्म और गात ।
तुम्हारा पौरुष-झंझावात, झड़ गये पीले-पीले पात ॥

नहीं प्रज्ञा-आवर्तन शेष, हुए सब आवागमन अशेष ।
अरे प्रभु! चिर-समाधि में लीन, एक में बसते आप अनेक ॥

तुम्हारा चित्-प्रकाश कैवल्य, कहें तुम ज्ञायक लोकालोक ।
अहो! बस ज्ञान जहाँ हो लीन, वही है ज्ञेय वही है भोग ॥

योग-चांचल्य हुआ अवरुद्ध, सकल चैतन्य निकल-निष्कंप ।
अरे! ॐ योगरहित योगीश! रहो यों काल अनंतानंत ॥

जीव कारण-परमात्म त्रिकाल, वही है अंतस्तत्त्व अखंड ।
तुम्हें प्रभु! रहा वही अवलंब, कार्य-परमात्म हुए निर्बन्ध ॥

अहो! निखरा कांचन चैतन्य, खिले सब आठों कमल पुनीत ।
अतीन्द्रिय-सौख्य चिरंतन-भोग, करो तुम धवल-महल के बीच ॥

उछलता मेरा पौरुष आज, त्वरित टूटेंगे बंधन नाथ ।
अरे! तेरी सुख-शय्या बीच, होगा मेरा प्रथम-प्रभात ॥

प्रभो! बीती विभावरी आज, हुआ अरुणोदय शीतल-छाँव ।
झूमते शांति-लता के कुंज, चलें! अब अपने उस गाँव ॥

ॐ ह्रीं श्री सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने जयमाला-पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

All copyrights reserverd © 2Alotus

(Dōhā)

Cinmaya hō cidrūpa prabhu! Jñātā-mātra cidēśa |
śōdha-prabandha Cidātma kē, sṛṣṭā tuma hī ēka ||

(Rēkhatā)

Jagāyā tumanē kitanī bāra! Hu'ā nahiṁ cira-nidrā kā anta |
Madira-sam'mōhana mamatā kā, arē! Bēcēta paṛā maiṁ santa ||

Ghōra-tama chāyā cārōṁ ōra, nahīṁ nija-sattā kī pahicāna |
Nikhila jaṛatā dikhatī saprāṇa, cētanā apanē sē anajāna ||

Jñāna kī pratipala uṭhē taraṅga, jhāṁkatā usamēṁ ātamarāma |
Arē! Ābāla sabhī gōpāla, sulabha sabakō cinmaya abhirāma ||

Kintu para-sattā mēṁ pratibad'dha, kīra-markaṭa-sī gahala ananta |
Arē! Pākara khōyā bhagavān, na dēkhā mainnē kabhī basanta ||

Nahīṁ dēkhā nija śāśvata-dēva, rahī kṣaṇikā paryaya kī prīti |
Kṣamya kaisē hōṁ yē aparādha, Prakṛti kī yahī sanātana-rīti ||

Ata: Jaṛa-karmōṁ kī jañjīra, paṛī mērē sarvātma-pradēśa |
Aura phira naraka-nigōdōṁ bīca, hu'ē saba nirṇaya hē! Sarvēśa ||

Ghaṭā ghana-vipadā kī barasī, ki ṭūṭī śampā mērē śīśa |
Naraka mēṁ pārada-sā tana ṭūka, nigōdōṁ madhya anantī mīca ||

Karēṁ kyā svarga-sukhōṁ kī bāta! Vahāṁ kī kaisī adbhuta-ṭēva!
Anta mēṁ bilakhē chaha-chaha māsa, kahēṁ hama kaisē unakō dēva||

Daśā cārōṁ gati kī dayanīya, dayā kā kintu na yahāṁ vidhāna |
Śaraṇa jō aparādhī kō dē, arē! Aparādhī vaha bhagavān ||

Arē! Miṭṭī kī kāyā bīca, mahakatā cinmaya bhinna atīva |
Śubhāśubha kī jaṛatā tō dūra, parāyā-jñāna vahāṁ parakīya ||

Ahō! Cit parama-akartā nātha! Arē! Vaha niṣkriya tattva-viśēṣa |
Aparimita akṣaya vaibhava-kōṣa, sabhī jñāni kā yaha parivēśa ||

Batāyē marma arē! Yaha kauna, tumhārē bina vaidēhī nātha!
Vidhātā śiva-patha kē tuma ēka, paṛā maiṁ taskara-dala kē hātha ||

All copyrights reserverd © 2Alotus

Kiyā tumanē jīvana kā śilpa, khirē saba mōha-karma aura gāta |
Tumhārā pauruṣa-jhañjhāvāta, jhaṛa gayē pīlē-pīlē pāta ||

Nahīṁ prajñā-āvartana śēṣa, hu'ē saba āvāgamana aśēṣa |
Arē prabhu! Cira-samādhi mēṁ līna, ēka mēṁ basatē āpa anēka ||

Tumhārā cit-prakāśa kaivalya, kahēṁ tuma jñāyaka lōkālōka |
Ahō! Basa jñāna jahāṁ hō līna, vahī hai jñēya vahī hai bhōga ||

Yōga-cāñcalya hu'ā avarud'dha, sakala caitan'ya nikala-niṣkampa |
Arē! Ō yōgarahita yōgīśa! Rahō yōṁ kāla anantānanta ||

Jīva kāraṇa-paramātma trikāla, vahī hai antastattva akhaṇḍa |
Tumhēṁ prabhu! Rahā vahī avalamba, kārya-paramātma hu'ē nirbandha ||

Ahō! Nikharā kāñcana caitan'ya, khilē saba āṭhōṁ kamala punīta |
Atīndriya-saukhya cirantana-bhōga, karō tuma dhavala-mahala kē bīca ||

Uchalatā mērā pauruṣa āja, tvarita ṭūṭēṅgē bandhana nātha!
Arē! Tērī sukha-śayyā bīca, hōgā mērā prathama-prabhāta ||

Prabhō! Bītī vibhāvarī āja, hu'ā aruṇōdaya śītala-chāṁva |
Jhūmatē śānti-latā kē kuñja, calēṁ! Aba apanē usa gāṁva ||

Ōṁ hrīṁ śrī sid'dhacakrādhipatayē sid'dhaparamēṣṭhinē jayamālā-pūrṇārghyaṁ nirvapāmīti svāhā |

(दोहा)

चिर-विलास चिद्ब्रह्म में, चिर-निमग्न भगवंत |
द्रव्य-भाव स्तुति से प्रभो! वंदन तुम्हें अनंत ||

(Dōhā)

Cira-vilāsa cidbrahma mēṁ, cira-nimagna bhagavanta |
Dravya-bhāva stuti sē prabhō! Vandana tumhēṁ ananta ||

।।इत्याशीर्वाद: पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

|| Ityāśīrvāda: Puṣpāñjaliṁ kṣipēt ||

****

All copyrights reserverd © 2Alotus